कौशल मिशन के सॉफ्ट स्किल पार्टनर युवाओं के रोजगार की राह करेंगे आसान

अमर उजाला ब्यूरो

प्रतीकात्मक

संचार व कार्यस्थल कौशल इंटरव्यू की तैयारी, एआई और क्लाउड का भी मिलेगा प्रशिक्षण

कौशल विकास मिशन ने सात संस्थानों को सॉफ्ट स्किल पार्टनर के रूप में जोड़ा

लखनऊ। प्रदेश में कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने सात संस्थानों को सॉफ्ट स्किल पार्टनर के रूप में जोड़ा है। इनके सहयोग से युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ व्यावहारिक व व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत युवाओं को क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा, डाटा से जुड़े बुनियादी कौशल और आधुनिक डिजिटल टूल्स की जानकारी दी जाएगी।

यूपीएसडीएम के अनुसार, मौजूदा समय में केवल तकनीकी ज्ञान रोजगार के लिए पर्याप्त नहीं है। निजी क्षेत्र की कंपनियां ऐसे युवाओं को प्राथमिकता दे रही हैं, जिनमें प्रभावी संवाद, टीम के साथ कार्य करने की क्षमता, समस्या-समाधान का कौशल और डिजिटल तकनीकों की समझ हो। इसे ध्यान में रखते हुए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण को तकनीकी पाठ्यक्रमों के साथ जोड़ा गया है।

प्रशिक्षण में इन विषयों पर रहेगा विशेष फोकस

प्रशिक्षण के दौरान हिंदी और अंग्रेजी में प्रभावी संवाद, ईमेल लेखन, प्रेजेंटेशन स्किल, व्यक्तित्व विकास और पेशेवर व्यवहार पर विशेष फोकस रहेगा। इसके अलावा रिज्यूम तैयार करना, मॉक इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और नौकरी प्राप्त करने की रणनीतियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे प्रशिक्षु भर्ती प्रक्रिया में आत्मविश्वास के साथ शामिल हो सकेंगे। मिशन के अनुसार, इससे प्रशिक्षुओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर और अधिक सुदृढ़ होंगे।

ये सात संस्थान जोड़े गए

वधवानी फाउंडेशन, जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन, ओरेकल स्किल डेवलपमेंट इनिशिएटिव, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, मेंटोरमी फाउंडेशन, हेड हेल्ड हाई और रैना एजुकेशन फाउंडेशन।

संस्थानों की होगी अलग-अलग भूमिका

वधवानी फाउंडेशन रोजगार योग्यता, संचार कौशल, कॅरिअर मार्गदर्शन व एआई-आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण देगा। जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन उद्योग की मांग के अनुरूप व्यावहारिक कौशल विकसित करने, करियर कोचिंग प्रदान करने व नियोक्ताओं से जोड़ने में सहयोग करेगा। ओरेकल स्किल डेवलपमेंट इनिशिएटिव क्लाउड, एआई, साइबर सुरक्षा और डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों में उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। अन्य संस्थान भी व्यक्तित्व विकास, रोजगार की तैयारी और कार्यस्थल पर आवश्यक व्यावहारिक कौशल विकसित करने में सहयोग करेंगे।

हजार से कम आबादी वाले गांव के विलय का आदेश सही : हाईकोर्ट

गोंडा के गांव के विलय का मामला

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार के एक हजार से कम आबादी वाले गांव के विलय के आदेश को सही ठहराया है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उप्र पंचायत राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत के गठन और उसके अस्तित्व के लिए कानून में तय न्यूनतम जनसंख्या की शर्त पूरी होना जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायत की आबादी का निर्धारण वर्तमान आबादी के आधार पर नहीं, बल्कि अंतिम प्रकाशित जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही किया जाएगा। कोर्ट ने गोंडा के करुआ ग्राम पंचायत को समाप्त कर उसका कुम्हरौरा ग्राम पंचायत में विलय करने के राज्य सरकार के फैसले को वैध ठहराया है।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने गुड़िया गोस्वामी समेत 293 अन्य लोगों की याचिका खारिज करते हुए यह निर्णय दिया। याचिका में 19 अप्रैल 2023 की उस अधिसूचना को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत करुआ ग्राम पंचायत को समाप्त कर उसके शेष क्षेत्र का कुम्हरौरा ग्राम पंचायत में विलय कर दिया गया था। संवाद

लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

निविदा सूचना सं0: 159/मु0अ0/2026-27 दिनांक: 01.08.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 14.08.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 13.08.2026 तक अपराहन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 14.08.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराहन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

क्र सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू० में	जमानत धनराशि रू० में	कार्यपूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य
1	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत मामा कालोनी में सोनू कनौजिया के मकान के सामने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	825993.00	82599	2 माह	826	149	975
2	त्रिवेणी नगर वार्ड के अंतर्गत फ्लोरेंस स्कूल से शशि प्रकाश तक आरएसीसी0 नाली निर्माण एवं कवरिंग का कार्य।	845229.00	84523	2 माह	845	152	997
3	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत इशनिका ग्रीन में मनोज सिंह के मकान के सामने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	846301.00	84630	2 माह	846	152	998
4	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत इशनिका ग्रीन में सत्यम गुप्ता के मकान के सामने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	841035.00	84104	2 माह	841	151	992
5	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत सेक्टर-डी में नन्हे-मुन्ने स्कूल के सामने एवं सेक्टर-सी में पप्पू कनौजिया के मकान के सामने साइड पटरी, इन्टरलाकिंग एवं नाली का सुधार कार्य।	842980.00	84298	2 माह	843	152	995
6	विवेकानंदपुरी वार्ड के अंतर्गत चांदगंज में शेलेन्द्र श्रीवास्तव के मकान से महेश मौर्या के मकान तक सीसी सड़क, सतगवंगतिया पार्क में पाथवे निर्माण एवं अन्य कार्य।	842315.00	84232	2 माह	842	152	994
7	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत रौशनाबाद में राजू के मकान से बुद्धू लाल के मकान होते हुए प्रेम गौतम के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य।	715754.00	71575	2 माह	716	129	845
8	त्रिवेणी नगर वार्ड के अंतर्गत सत्रोहन लाल के मकान से सुदर्शन तक आरएसीसी0 नाली निर्माण एवं कवरिंग का कार्य।	841059.00	84106	2 माह	841	151	992
9	लाला लाजपत राय वार्ड के अंतर्गत सेक्टर-एन में कुसुम तिवारी के मकान से रामगोपाल सोनार के मकान तक क्षतिग्रस्त नाला का निर्माण व कवरिंग का कार्य।	786384.00	78638	2 माह	786	141	927
10	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत दाऊज नगर में अनुज मौर्या के मकान के सामने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	623782.00	62378	2 माह	624	112	736
11	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत दाऊज नगर में रज्जन राजपूत के मकान से संदीप द्विवेदी के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	846368.00	84637	2 माह	846	152	998
12	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत जानकी बिहार में जस्टिस श्री चंद्र प्रकाश के घर के सामने स्थित जानकी बिहार पार्क की रेंगाई-पुताई, मरम्मत एवं फूटपाथ पर चकर टाइल्स लगाने का कार्य।	639429.00	63943	2 माह	639	115	754
13	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत दाऊज नगर में रामकुमार कनौजिया के मकान के सामने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।	846705.00	84671	2 माह	847	152	999
14	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत अहिबरनपुर में डा0 आर.के. गुप्ता के मकान से डा0 सुमन गुप्ता के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य।	679797.00	67980	2 माह	680	122	802
15	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत मकान संख्या ईडी342, ईडी312, ईडी328, ईडी248 के सामने पार्क की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	693739.00	69374	2 माह	694	125	819
16	फैजूलगंज द्वितीय वार्ड के अंतर्गत मौर्याना कालोनी में प्रेमचंद मौर्या के मकान से विनोद पेशकार के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	465651.00	46565	1 माह	466	84	550
17	लाला लाजपत राय वार्ड के अंतर्गत सेक्टर एन में महावीर स्कूल के बगल में एवं सब्जी मंडी रोड पर कुड़ा घर के पास सीसी का निर्माण कार्य।	794914.00	79491	2 माह	795	143	938
18	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत सेक्टर डी में मायाकुंज से जागरण पार्क होते हुए हनुमत काम्प्लेक्स तक साइड पटरी इंटरलाकिंग एवं नाली का सुधार कार्य।	602355.00	60236	2 माह	602	108	710
19	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत मोसम बाग में मकान संख्या 538/12 से बीआर तिवारी के मकान होते हुए रामा कोचिंग तक सड़क एवं नाली का सुधार व कवरिंग कार्य।	845279.00	84528	2 माह	845	152	997
20	अयोध्याधाम प्रथम वार्ड के अंतर्गत मदेगंज में हनीफ के मकान से शकील तक एवं शेथू नाली पली में नाली मरम्मत एवं कवरिंग का कार्य।	794619.00	79462	2 माह	795	143	938
21	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत सेक्टर सी मकान संख्या सी-39 से सेक्टर सी-43 तक मकान संख्या सी-3 के सामने एवं अन्य स्थानों पर साइड पटरी इंटरलाकिंग एवं नाली का सुधार कार्य।	843642.00	84364	2 माह	844	152	996
22	त्रिवेणी नगर वार्ड के अंतर्गत तीस फीट रोड अमित फार्मेसी से रेशमा ट्रेडर्स तक आरएसीसी0 नाली निर्माण / कवरिंग का कार्य।	832979.00	83298	2 माह	833	150	983
23	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत पुरनिया क्रासिंग के बगल से मनोज राजपूत के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली का सुधार कार्य।	801105.00	80111	2 माह	801	144	945
24	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत सेक्टर सी में मकान संख्या एमजी-11 से एमजी-47 तक सड़क के दोनों साइड पटरी इंटरलाकिंग एवं नाली का सुधार कार्य।	846169.00	84617	2 माह	846	152	998
25	महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के अंतर्गत सेक्टर सी मकान संख्या एमआईजी ए-8 से एमआईजी ए-1 के पास तक साइड पटरी इंटरलाकिंग एवं नाली का सुधार कार्य।	840698.00	84070	2 माह	841	151	992
26	डालीगंज निराला नगर वार्ड के अंतर्गत मनोज समोसा की दुकान से राधाकृष्ण मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली मरम्मत कार्य।	530369.00	53037	2 माह	530	95	625
27	डालीगंज निराला नगर वार्ड के अंतर्गत लाहौरगंज में राधाकृष्ण मंदिर से सन्नी के मकान तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली मरम्मत कार्य।	571731.00	57173	2 माह	572	103	675
28	डालीगंज निराला नगर वार्ड के अंतर्गत लाहौरगंज में साज के मकान से सन्नी के मकान तक साइड पटरी इंटरलाकिंग टाइल्स का सुधार कार्य।	356339.00	35634	1 माह	356	64	420
29	त्रिवेणी नगर वार्ड के अंतर्गत तीस फीट रोड बेबी प्रोडक्ट से नदवी फ्रूट जूस कार्नर तक आरसीसी नाली निर्माण / कवरिंग का कार्य।	843524.00	84352	2 माह	844	152	996
30	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत आसिफ के मकान के सामने इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	613328.00	61333	2 माह	613	110	723
31	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत फैज सिद्दीकी के मकान के सामने इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	783975.00	78398	2 माह	784	141	925
32	फैजूलगंज चतुर्थ वार्ड के अंतर्गत श्री अहतेशाम सिद्दीकी के घर के सामने क्षतिग्रस्त इंटरलाकिंग व नाली मरम्मत कार्य।	380349.00	38035	1 माह	380	68	448
33	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत मद्रियान में आशीष अग्रवाल के मकान से तारीक के मकान तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य।	381316.00	38132	1 माह	381	69	450
34	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत यशोदापुरम कालोनी में श्री अविनाश दीप श्रीवास्तव के मकान से होते हुए मलखान सिंह के मकान तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य।	678996.00	67900	2 माह	679	122	801
35	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत यशोदापुरम कालोनी में श्री सर्वभूषण शुक्ला के मकान संख्या 645ई/11 तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य।	778007.00	77801	2 माह	778	140	918
36	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत आदर्श विहार कालोनी में संतोष कुमारी के मकान से सत्येंद्र प्रताप सिंह तक सीसी सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य।	784313.00	78431	2 माह	784	141	925
37	मनकामेश्वर वार्ड के अंतर्गत मंदिर के आसपास क्षतिग्रस्त गली की पिचिंग, मंदिर के सामने शुद्ध पेयजल हेतु स्थापित पानी की टंकी के प्लेटफार्म की पिचिंग एवं प्लेटफार्म पर टाइल्स लगाने एवं सावन मास में नागरिक सुरक्षा हेतु मंदिर मार्ग पर बैरिकेटिंग का कार्य।	391562.00	39156	1 माह	392	71	463
38	त्रिवेणी नगर वार्ड के अंतर्गत अलहृदा स्कूल से एकता पार्क होते हुए सुदर्शन निवास तक आरसीसी नाली निर्माण/ कवरिंग का कार्य।	840890.00	84089	2 माह	841	151	992

शर्तें: (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (02) शासनादेश संख्या 692/23-7-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदा दाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत तक कम (Below) है तो उस पर कोई अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी नहीं ली जाएगी। यदि न्यूनतम निविदा दाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी, जिसे टेकडर से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आरओटीजी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/ड्यूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नी-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (04) कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार/फर्म की होगी। (05) कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (06) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लॉटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (07) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्य योजना/वारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

तिरंगे के सहारे बूथ साधेगी भाजपा हर अध्यक्ष को 50 घरों का जिम्मा

अमर उजाला ब्यूरो

कार्यशाला : पार्टी ने 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियानों के जरिये बूथ स्तर तक बनाई रणनीति

लखनऊ में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह व राष्ट्रीय मंत्री अनिल कुमार एंटनी। संवाद

लखनऊ। भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों को व्यापक जनसंपर्क अभियान का स्वरूप देगी। पार्टी 10 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में चलने वाले हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियानों के जरिये बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करेगी। विश्वेश्वरैया सभागार में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी में हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। इसमें प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं को कम से कम 50-50 घरों को अभियान से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा और 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। अभियान के संचालन के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज को संयोजक और प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मंत्री अनिल यादव और रजनी पांडे को सह-संयोजक बनाया गया है। क्षेत्र, जिला और मंडल स्तर पर भी टोलियां बनेंगी। 4-5 अगस्त को जिला और 6 अगस्त को मंडल स्तर की बैठकें कर अंतिम रणनीति तय होगी। 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल और महानगरों के वार्डों में एक से दो किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। इनका नेतृत्व भाजयुमो करेगा। महिला मोर्चा समेत सभी प्रकोष्ठ इसमें सहभागी होंगे।

अभियान के दौरान प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और कार्यालय पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों और सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों और शहीद स्थलों पर स्वच्छता अभियान तथा पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे। 13 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएंगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस और संगोष्ठियां भी होंगी।

तिरंगा विशेष सम्मान का प्रतीक : पंकज

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रगौरव का प्रतीक है और यूपी का इससे विशेष भावनात्मक संबंध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान अब जनभागीदारी का राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी बूथ अध्यक्षों के मार्गदर्शन में कम से कम 50-50 घरों को इस अभियान से जोड़े।

अभियान को सफल बनाएं : एंटनी

राष्ट्रीय मंत्री अनिल कुमार एंटनी ने कहा कि हर घर तिरंगा सिर्फ घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है। प्रदेश समिति सभी जिलों के साथ सतत संवाद बनाए रखे। सभी इकाइयां पूरी तैयारी के साथ इसे सफल बनाएं।

लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करें : केशव

लखनऊ। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की गुणवत्ता में गड़बड़ी और लेटलतीफी पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नाराजगी जताई है। उन्होंने ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को निर्देश दिया है कि ऐसे ठेकेदारों को चिह्नित कर तत्काल ब्लैकलिस्ट करने के भी निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को भी कड़ी चेतावनी दी है। वे शनिवार को अपने आवास पर ग्राम्य विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी वित्तीय लेनदेन डिजिटल माध्यम से किए जाएं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक को निर्देशित किया कि 15 अगस्त से पूर्व स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की दीदियों द्वारा 2 करोड़ तिरंगा बनाने का काम हर हाल में पूरा करा लिया जाए। उन्होंने प्रत्येक विकास खंड में कम से कम तीन अकाउंटेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने और विकास खंडों में आवश्यक कार्मिकों की कमी दूर करने के लिए रिक्त पदों को भरने का प्रस्ताव भेजने, एजी, टीसीए तथा वित्त विभाग द्वारा कराए जाने वाले सभी ऑडिट समय से पूरा कराने, धनराशि आवंटन एवं वितरण में विलंब न करने, पीएम गति शक्ति पोर्टल का उपयोग ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शत-प्रतिशत करने के भी निर्देश दिए हैं। ब्यूरो

बकाया टैक्स जमा नहीं, वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र जारी

लखनऊ। वाहन पर टैक्स बकाया होने के कारण निजी ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) द्वारा फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने का मामला सामने आया है। प्रकरण संज्ञान में आने के बाद गाजियाबाद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), प्रशासन अशोक कुमार श्रीवास्तव ने अपर परिवहन आयुक्त को पत्र भेजकर संबंधित एटीएस के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गौतमबुद्धनगर के दादरी स्थित प्रणाम रोड गुरु ऑटो फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड संचालित एटीएस ने वाहन संख्या यूपी-14 डीटी-5013 का 31 जुलाई को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया, जबकि वाहन पर एक अप्रैल से टैक्स बकाया है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुसार टैक्स बकाया वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करना नियमों के विपरीत है। इससे सरकार को राजस्व की हानि होती है। ब्यूरो

पूर्वोत्तर रेलवे | अधिसूचना सं.: 127/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परीक्षा विशेष गाड़ियों का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी संख्या 05185/05186 मऊ-बरेली-मऊ परीक्षा विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05185 मऊ से दिनांक 02-08-2026 से 05-08-2026, 08-08-2026 से 13-08-2026, 16-08-2026 से 20-08-2026 एवं 24-08-2026 = 16 ट्रिप

गाड़ी सं. 05186 बरेली से दिनांक 03-08-2026 से 06-08-2026, 09-08-2026 से 14-08-2026, 17-08-2026 से 21-08-2026 एवं 25-08-2026 = 16 ट्रिप

गाड़ी संख्या 05185 मऊ-बरेली		स्टेशन	गाड़ी संख्या 05186 बरेली-मऊ	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	11:45	मऊ	08:20	--
12:40	12:45	आजमगढ़	07:15	07:20
14:10	14:40	शाहगंज	05:45	06:15
16:25	16:30	अयोध्या धाम	03:35	03:40
16:50	16:55	अयोध्या कैण्ट	03:05	03:15
20:27	20:30	बादशाह नगर	00:35	00:45
20:45	21:25	डालीगंज	23:20	00:05
23:20	23:25	सीतापुर	21:45	21:50
02:05	02:15	मैलानी	19:35	19:45
03:00	03:03	पूरनपुर	18:20	18:22
04:05	04:10	पीलीभीत	17:05	17:10
04:48	04:50	भोजीपुरा	16:20	16:22
05:08	05:10	इज्जतनगर	15:55	16:00
05:35	05:40	बरेली सिटी	15:35	15:40
06:10	--	बरेली	--	15:25

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान-14, एसएलआर-02 = कुल 16 कोच।

मुजाबि/टी-38 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सैन्यकर्मियों के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ की अनिवार्यता खत्म

सेना व परिवहन विभाग के सॉफ्टवेयर लिंक नहीं, फर्जीवाड़े की आशंका बढ़ेगी

लखनऊ। सैन्यकर्मियों के लिए बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस में आरटीओ की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। ऑटो अप्रूवल लागू होने से जांच की प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। चूंकि सेना व परिवहन विभाग के एपीआई लिंक नहीं है, इसलिए फर्जीवाड़े की आशंका बढ़ गई है।

दरअसल, सैन्यकर्मियों के लिए डिफेंस डीएल बनाया जाता है। लेकिन यह डीएल सैन्य वाहनों को चलाने तक ही सीमित होता है। सैन्य क्षेत्र के बाहर सामान्य वाहन चलाने के लिए सैन्यकर्मियों को आरटीओ से डीएल बनवाना होता है। हालांकि डिफेंस डीएल होने के बाद सामान्य डीएल में उन्हें लर्नर नहीं बनवाना पड़ता था और परमानेंट डीएल के लिए टेस्ट नहीं देना होता है। पर सैन्यकर्मियों को डीएल बनवाने के लिए आरटीओ आना पड़ता है, जहां अधिकारी उनके सैन्य डीएल की जांच करते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सैन्यकर्मियों को डीएल बनवाने के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा।

इसलिए बढ़ी धोखाधड़ी की आशंका सूत्र बताते हैं कि दो अलग-अलग सॉफ्टवेयरों को जोड़ने के लिए एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस एपीआई का इस्तेमाल होता है। सेना की ओर से सैन्यकर्मियों को जारी किए जाने वाले डीएल उनके सॉफ्टवेयर पर रहते हैं, जबकि परिवहन विभाग के डीएल सारथी पोर्टल पर होते हैं। दोनों सॉफ्टवेयर आपस में लिंक नहीं हैं। ऐसे में सैन्यकर्मी जब आरटीओ में ऑनलाइन डीएल के लिए अप्लाई करेंगे तो उनके पुराने विवरणों की जांच तक नहीं हो पाएगी, जिससे फर्जीवाड़ा बढ़ने की आशंका है।

आतंकी हमले के बाद प्रदेश में अलर्ट

लखनऊ। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को हुए आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट जारी किया गया। सावन और कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जनपदों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। मंदिरों और कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। कुलगाम में शुक्रवार आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के नाम पूछे। फिर छत्तीसगढ़ के दो हिंदुओं को समूह से अलग करके गोली मार दी। हमले में एक मजदूर की मौके पर और दूसरे मजदूर की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अलावा सादे वस्त्रों में खुफिया एजेंसी के जवान भी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है। ब्यूरो

धार्मिक स्थलों व कांवड़ यात्रा मार्ग पर बढ़ाई गई चौकसी

आतंकी मॉड्यूल के सरगना का प्रत्यर्पण कराना बड़ी चुनौती

अमर उजाला ब्यूरो

आतंकी आकिब को दुबई से लाने के लिए जारी हो चुका है रेड कॉर्नर नोटिस

लखनऊ। रेलवे सिग्नल बॉक्स में धमाका करने की साजिश रचने वाले आतंकी मॉड्यूल के सरगना का प्रत्यर्पण कराना जांच एजेंसी के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जांच एजेंसी कागजी प्रक्रिया कर विदेश मंत्रालय को दस्तावेज भेजकर पूरी जानकारी साझा कर चुकी है लेकिन अब तक उसमें कोई सफलता नहीं मिली है। सरगना दुबई में बैठकर सोशल मीडिया के जरिये नेटवर्क तैयार कर रहा है।

एटीएस ने दो अप्रैल 2026 को आलमनगर रेलवे स्टेशन से चार संद